कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री मोहन लाल सैनी निवासी ग्राम ढण्ड, तहसील बांदीकुई जिला दौसा राजस्थान– 303313

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी बांदीकुई

अपील संख्या 101/2025

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

निर्णय

दिनांक 26.09.2025

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी बांदीकुई से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी बांदीकुई को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जांच टिप्पणी मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी उपखंड अधिकारी बांदीकुई को पत्र कमांकः डीएम/कोर्ट/2025/2439 दिनांक 12.09.2025 के द्वारा अपीलांट को वांछित सूचना अविलंब उपलब्ध कराने हेतु निर्देश प्रदान किये गये। लोक सूचना अधिकारी उपखंड अधिकारी बांदीकुई दौसा ने पत्र कमांक:आरटीआई/2025 दिनांक 25.09.2025 के द्वारा अवगत कराया है कि अपीलांट के द्वारा ऑनलाईन आरटीआई आवेदन कमांक:272515809358563 के द्वारा ग्राम पंचायत खेडी पंचायत समिति बैजूपाडा तहसील बांदीकुई जिला दौसा के संबंध में सूचना चाही गई थी। उक्त सूचना संबंधी रिकार्ड/दस्तावेज कार्यालय में उपलब्ध नहीं है। अतः वांछित सूचना प्रार्थी को उपलब्ध नहीं कराई जा सकती। अतः प्रार्थी की अपील खारिज फरमाई जावे।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो।

(देवेन्द्र कुमार)
जिला कलक्टर, दौसा

जिला कलक्टर दौसा

Signature Not Verified

Digitally signed by Devendra Kumar
Date: 2025.11.04 16:48:41 IST
Reason: SelfAttested